Report (2018)

संस्कृत विभाग की छात्राओं ने २२ जनवरी २०१८ को दिल्ली संस्कृत अकादमी द्वारा आयोजित संस्कृत सरस्वती वंदना में भाग लिया और सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया ।१८ अप्रैल २०१९ को गद्यवाचन प्रतियोगिता एवं २०अप्रैल २०१९ को संस्कृत परिषद् का समापन सह पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया।२०-३१ अगस्त २०१८ को द्वादशदिवसीय संस्कृत संभाषण कार्यशाला का आयोजन किया गया। उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ जयप्रकाश नारायण (एसोसिएट प्रोफेसर, संस्कृत विभाग, जामिया मिल्लिया इस्लामिया, नयी दिल्ली)थे एवं समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में प्रोफेसर गिरीश चंद्र पंत (अध्यक्ष,संस्कृत विभाग, जामिया मिल्लिया इस्लामिया नयी दिल्ली)थे ।१९ सितंबर २०१८ को श्लोकावृत्ति प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।इस प्रतियोगिता में निर्णायक के रूप में डॉ जहांआरा (जामिया मिल्लिया इस्लामिया ,नयी दिल्ली)थीं ।१० अक्टूबर २०१८ से प्रति बुधवार विशेष संस्कृत साप्ताहिकी कक्षा का आयोजन संस्कृत भारती की कार्यकर्त्री शिप्रा के द्वारा २१ नवंबर२०१८ तक किया गया। हमारी छात्राओं ने अन्य महाविद्यालयों एवं दिल्ली संस्कृत अकादमी द्वारा आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया और सांत्वना एवं प्रोत्साहन पुरस्कार प्राप्त किया । दिल्ली संस्कृत अकादमी द्वारा आयोजित संस्कृत महोत्सव में कमला नेहरू महाविद्यालय के संस्कृत विभाग की छात्राओं के द्वारा संस्कृत काव्याली की बहुत सुंदर प्रस्तुति की।